जीत जायेंगे हम डर की क्या बात है हर कदम साँवरा

जीत जायेंगे हम,
डर की क्या बात है,
हर कदम साँवरा,
जब मरे साथ है,
हर कदम साँवरा,
जब मेरे साथ है ।।

जीवन की बाजी का,
बाजीगर मेरा सांवरा,
हारने देगा ना मुझको,
दिल में ये विश्वास भरा,
इनके रहते चिंता में करूँ,
मुमकीन ही नहीं,
ये जो बोल दिन तो दिन,
ये जो बोले दिन रात है,
हर कदम साँवरा,
जब मेरे साथ है,
हर कदम साँवरा,
जब मेरे साथ है,

दिल की वसीयत लिख दी है,
मेने इनके नाम पर,
एक भरोसा मुझको है,
केवल मेरे श्याम पर,
इसपे कब्ज़ा करले सांबरे,
फरियाद मेरी,
छीन ले ना कोई,
छीन ले ना कोई,
ऐसे हालात है,
हर कदम साँवरा,
जब मेरे साथ है,
हर कदम साँवरा,
जब मरे साथ है ।।

सेवादारी करते करते,
इत्तना भरोसा हो ही गया,
मै तेरा और तू मेरा,
जन्मो का रिश्ता हो ही गया,

टूटेगा ना बंधन प्यार का,
मेर श्याम से
धूप में छाव में
धूप में छाव में,
सर पे दो हाथ है,
हर कदम साँवरा,
जब मेरे साथ है,

तेरे रहते और किसी को,
मैंने कभी पुकारा नहीं,
भूल से भी भूलूँ तुझको,
श्याम को ये गवारा नहीं,
मेरी रूह में समाया तू ही तू,
अब में क्या करूँ,
तू भी जानता है ये,
तू भी जानता है ये,
सच्चे जज्बात है,
हर कदम साँवरा,
जब मेरे साथ है,
हर कदम साँवरा,
जब मेरे साथ है ॥

जीत जायेंगे हम,
डर की क्या बात है,
हर कदम साँवरा,
जब मेरे साथ है,
हर कदम साँवरा,
जब मेरे साथ है ॥